


Carpenter's monthly newspaper

# कारपेंटर्स न्यूज

www.carpentersnews.com

R.N.I.No.MAHHIN/2005/16460 | Postel Regd. No. MCW/321/2022-24
Posted at Delisle Road, Mumbai-400013. On 20th of Every month | Published on Every 10 th day of the month

मासिक समाचार पत्र

मुंबई | जून 2024 | वर्ष : 19 | अंक : 07 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए

वास्तुकारों के सम्मान में ग्रीनप्लाई इंडस्ट्रीज की परियोजना 'ग्रीन राइज'.... पेज - 2



# वास्तुकारों के सम्मान में ग्रीनप्लाई इंडस्ट्रीज की परियोजना 'ग्रीन राइज'

carpentersnews.com

**मुंबई। ग्रीनप्लाई सिर्फ इंटीरियर इंफ्रास्ट्रक्चर में ही अग्रणी नहीं है बल्कि इस उद्योग में वह अपने सामाजिक दायित्व को भी बखूबी निभा रहा है। ग्रीनप्लाई इंडस्ट्रीज ने नागालैंड के तिजित में अपने ईको रेस्टोरेशन और वृक्षारोपण अभियान के तहत ग्रीन–राइज पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति सकारात्मक योगदान करना और समुदायों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। इस परियोजना के तहत, लकड़ी के पैनल उद्योग से जुड़े वास्तुकारों के नाम पर एक पौधा लगाया जा रहा है।**





यह वृक्षारोपण परियोजना कंपनी की स्थायी प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, विशेष रूप से वन प्रबंधन मॉडल को अपनाकर। यह उल्लेखनीय है कि ग्रीनप्लाई ने नागालैंड के तिजित में स्थित अपनी सतत वृक्षारोपण इकाई के लिए वन प्रबंधन परिषद (FSC®) से FSC® - FM (Forest Management) प्रमाणन प्राप्त किया है और यह भारत में आंतरिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में प्रमाणन प्राप्त करने वाली पहली कंपनी है। यह प्रमाणन उपभोक्ताओं को इस बात का आश्वासन प्रदान करता है कि वे जो उत्पाद खरीद रहे हैं, वे एक जिम्मेदार/सतत स्रोत से आते हैं और यह स्वदेशी लोगों के वन उपयोग के अधिकारों की रक्षा करता है तथा प्रमाणित क्षेत्रों में वनों की कटाई, वन क्षरण और अवैध कटाई से निपटने में मदद करता है।

ग्रीन राइज परियोजना के उद्घाटन चरण में ओडिशा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के वास्तुकारों के सम्मान में 780 से अधिक पौधे लगाए गए। बाद में, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और मध्य प्रदेश और पूरे भारत के वास्तुकारों को इसी तरह सम्मानित किया जाएगा। इस योजना के तहत लगाए गए प्रत्येक पेड़ को एक बारकोड के साथ लेबल किया गया है जिसमें वास्तुकार का नाम, पता, वृक्षारोपण की तारीख और समय, वृक्ष की प्रजाति और संपर्क नंबर जैसी प्रासंगिक जानकारी शामिल है। ये पेड़ 7 से 8 वर्षों में परिपक्व हो जाएंगे और कटाई के बाद, आय को वास्तुकारों के नाम पर चैरिटेबल संगठनों या स्कूलों को दिया जाएगा।

वर्तमान में पूरे भारत में ग्रीनप्लाई इंडस्ट्रीज द्वारा परियोजना 'ग्रीन राइज' के तहत कुल वृक्षारोपण 52,983 एकड़ भूमि में फैली हुई है, जिसका उपयोग इस मिशन के लिए किया गया है और इस क्षेत्र को कवर करने वाले 41.57 मिलियन से अधिक पौधे लगाए गए हैं। कंपनी का लक्ष्य 2025 तक 50 मिलियन पौधे लगाने का है। इस पहल को लागू करने की दिशा में, ग्रीनप्लाई ने राज्य सरकार और स्थानीय समुदायों के साथ सहयोग किया है और स्थानीय लोगों की उत्साही भागीदारी प्राप्त की है।






# ऑनलाइन शॉपिंग पैकिंग के लिए काटे जा रहे 3 अरब पेड़

**मुंबई। पिछले कुछ वर्षों से विश्व भर में ऑनलाइन शॉपिंग के ट्रेंड ने उछाल पकड़ा है। लेकिन इसमें बहुत अधिक एनर्जी और संसाधनों का उपयोग होता है, जो कि पर्यावरण के लिए बुरा है। ऑनलाइन शॉपिंग के लिए जरूरी ट्रांसपोर्टेशन ग्रीन हाउस उत्सर्जन को बढ़ावा देता है। अनुमान है कि प्रति वर्ष तीन अरब पेड़ काटे जाते हैं, ताकि सभी तरह के प्रोडक्ट्स की पैकेजिंग की जा सके, जिसमें ई–कॉमर्स भी शामिल है। ऑर्डर स्टोर करने और उन्हें वापस पाने के लिए जरूरी डेटा सेंटर एक आम घर की तुलना में लगभग 10 गुना ज्यादा एनर्जी की खपत करते हैं।**



हालांकि कुछ तरीकों से ऑनलाइन शॉपिंग को भी सस्टेनेबल बनाया जा सकता है। जैसे कई घरों में ऑर्डर पहुंचाने वाला एक ट्रक पर्यावरण के लिए उतना नुकसानदेह नहीं है, जितना कि कई अलग-अलग कारों के माध्यम से डिलीवरी करना। लेकिन यह बात तब सच होगी जब लोग ग्रुप-शॉपिंग की ओर अग्रसर होंगे। एमआईटी यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में यह पाया गया कि ऑनलाइन शॉपिंग पारंपरिक शॉपिंग से ज्यादा सस्टेनेबल हो सकती है, बशर्ते इसके तरीके को बदला जाए। यह तब संभव होगा जब पूरी तरह से इलेक्ट्रिक शिपिंग और कम पैकेजिंग हो।

इसी क्रम में कुछ कंपनियां ऑनलाइन शॉपिंग को क्लाइमेट फ्रेंडली बनाने की कोशिश कर रही हैं। कुछ ने डिलीवरी में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया है। उदाहरण के लिए अमेजन ने 2030 तक सड़कों पर 1 लाख इलेक्ट्रिक डिलीवरी वाहन लाने का संकल्प लिया है, जिससे लाखों मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन को रोका जा सकेगा। फेडएक्स भी इस तरह के प्रयास कर रही।


50 YEARS OF TRUST
Link
कारपेंटर की कला को बढ़ाएं,
दरवाज़ों को सुरक्षित बनाएं
80 किलो वजन क्षमता
5,00,000 साइकिल्स टेस्टेड
28 mm मोटाई
कंसील्ड
डोर क्लोज़र
5 Years WARRANTY
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
1800-547-4559
support@linklocks.com
amazon
meesho
blinkit
moglix
Jio Mart
www.link-bharat.com

# तीर्थराज विमल कुंड की महिमा अपरंपार : श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

**कामां। तीर्थराज विमल कुंड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक व श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ा स्थली रही ब्रज के द्वादश वनों के पंचम प्रमुख वन आदि वृंदावन धाम काम्यक वन, कामवन, कामां की महिमा व श्री कृष्ण द्वारा स्थापित तीर्थराज विमल कुंड की महिमा अपरंपार व अवर्णनीय है। पौराणिक व ऐतिहासिक इस पावन नगरी के तीर्थों व तीर्थराज विमल कुंड के दर्शनों के लिए भारत ही नहीं विदेशों के कृष्ण भक्त भी लाखों की संख्या में प्रतिवर्ष यहां पहुंचते हैं। तीर्थराज के बहुत ही घटते हुए जलस्तर के कारण सभी संत, भक्त व कस्बा वासी अत्यधिक व्यथित थे।**

शासन प्रशासन से गुहार के बाद चंबल के जल से भरने की प्रक्रिया प्रारंभ तो हुई उसके लिए धन्यवाद देते हैं लेकिन विलंब से हुई इस प्रक्रिया व बहुत ही कम मात्रा में आ रहे जल के कारण गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं को पर्याप्त जल न होने के कारण असुविधा अवश्य होगी। यही प्रक्रिया समय पर प्रारंभ होती तो तीर्थराज विमल कुंड की छटा ही कुछ और होती। हमारा अनुरोध है कि आगे से सभी समय से जागरूक होकर श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए जल की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि आराम तलब आदमी कभी भी लौकिक क्षेत्र में या पारलौकिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त नहीं कर सकता, यदि कोई व्यक्ति किसी वस्तु पदार्थ को पाना चाहता है उसके लिए प्रयास करता है और यदि थककर बीच में अपना विचार ना बदल दे तो उसे अवश्य ही प्राप्त कर लेता है। यदि व्यक्ति पुरुषार्थ करें तो ईश्वर भी उसकी सहायता करता है। उन्होंने कहा कि सबसे महान व्यक्ति वह है जो दृढ़तम निश्चय के साथ सत्य का अनुसरण करता है।



जो व्यक्ति उद्योग वीर है वह कोरे वाग्वीर व्यक्तियों पर अधिकार जमा लेता है। जिसे हमारा हृदय महान समझे वह महान है। आत्मा का निर्णय सदा सही होता है। किसी का तिरस्कार ना करें। जो भी देखें, सुने या पढ़ें उस पर विचार करें, किसी को भी नुकीले व्यंग बाण ना चुभायें अर्थात ऐसा कुछ ना बोलें जिससे किसी के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचे। किसी का दिल दुखे या प्रेम, एकता, सद्भाव नष्ट हो जाए, अशांति हो जाए कलह क्लेश या वैमनस्य पैदा हो जाए। हमारे हृदय उद्धार व विशाल होने चाहिए। आज मनुष्य का मस्तिष्क विशाल तथा हृदय सिकुड़ता चला जा रहा है। अकड़ या अभिमान नहीं होना चाहिए। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व श्री गुरु महाराज कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूंज उठा। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर क्षेत्रीय, स्थानीय व दूरदराज से आए भक्तजनों ने फूल मालाएं पहनाकर, पुष्प वृष्टि करते हुए आरती उतारकर श्री गुरु महाराज कामां के कन्हैया लाठी वाले भैय्या की जय जयकार के साथ पूर्ण धार्मिक रीति से भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया।

## सेहत

# उड़द दाल खाने के फायदे

**उड़द दाल वैसे तो रोज घर में नहीं बनती है। हां लेकिन स्पेशल मौके पर जरूर बनाई जाती है। इसमें फाइबर, आइसोफ्लेवोंस, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, आयरन, कॉपर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, पोटैशियम, फॉस्फोरस और प्रोटीन की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा साबित होता है। ऐसे में अगर आप रोजाना की डाइट में इसे शामिल कर लें तो कई परेशानियों से बचे रहेंगे।**

इसको डाइट में रोजाना शामिल करने से ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहेगा। इसमें मौजूद मिनरल्स और विटामिन स्किन की देखभाल के लिए बहुत अच्छे साबित होते हैं। इसे खाने से चेहरे में चमक और कसाव बना रहता है और आंखों के नीचे पड़े काले घेरे, झुर्रियां भी कम होने लगती हैं। इसके सेवन से दिल की सेहत भी अच्छी रहती है। इस दाल में फाइबर, पोटेशियम और मैग्नीशियम का संयोजन होता है जो दिल के मरीजों के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। इसलिए हार्ट पेशेंट को इस दाल का सेवन जरूर करना चाहिए। इससे हड्डियां भी मजबूत होती हैं। इसमें पाया जाने वाले पोषक तत्व जैसे कैल्शियम, फास्फोरस, पोटेशियम, आयरन और मैग्नीशियम बोन हेल्थ के लिए अच्छे माने जाते हैं। उड़द की दाल से पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर आपके मेटाबॉलिज्म को मजबूत करने में काफी हद तक सहायक होते हैं। डायरिया, कब्ज, ऐंठन या सूजन की परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए अपने खाने में उड़द की दाल को जरूर शामिल करें। सबसे बड़ा फायदा जिसको मिलता है वह है नर्वस सिस्टम। यह हमारे ब्रेन को हेल्दी बनाए रखने में भरपूर सहयोग करता है। इसको खाने से लकवा जैसी बीमारी में बहुत लाभ मिलता है।



## जायका इंडिया का

# उड़द चना दाल



**दालें प्रोटीन का बड़ा स्रोत होने के साथ ये सेहत के लिए काफी लाभकारी होती है। एक या एक से ज्यादा दालों को मिलाकर बनाने से ना सिर्फ उसका स्वाद बढ़ जाता है बल्कि ये काफी पौष्टिक भी हो जाती हैं। आमतौर पर घरों में उड़द और चने की दाल अलग अलग बनाई जाती हैं, लेकिन अगर इन दोनों दालों का कॉम्बिनेशन कर तैयार किया जाए तो इसका स्वाद काफी बढ़ जाता है।**

**सामग्री** – उड़द दाल 2 कटोरी, चना दाल 1 कटोरी, प्याज बारीक कटे 2, टमाटर 2, हरी मिर्च 3-4, लहसुन कुटा 7-8 कलियां, जीरा 1 टीस्पून, कश्मीर लाल मिर्च 1 टी स्पून, हल्दी 1 टी स्पून, हरा धनिया कटा 1/2 कप, घी 3 टी स्पून, नमक स्वादानुसार

**विधि** – उड़द चना मिक्स दाल बनाने के लिए सबसे पहले उड़द और चने की दाल को लें। इन्हें अच्छी तरह से धो लें। अब प्याज, टमाटर को बारीक काट लें, वहीं हरी मिर्च को लंबा काट लें। अब कुकर में दोनों दालें और थोड़ा सा प्याज, टमाटर डालकर मिला दें। इसके बाद इसमें हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक और पानी डालकर कुकर का ढक्कन लगा दें। अब कुकर को गैस पर चढ़ाकर 3 - 4 सीटी आने दें। इसके बाद गैस को बंद कर दें और कुकर का प्रेशर अपने आप रिलीज होने दें।

जब तक दाल ठंडी हो रही है तब तक एक कड़ाही में घी डालकर उसे मीडियम आंच पर गर्म करने के लिए रख दें। जब घी गर्म होकर पिघल जाए तो उसमें जीरा और हरी मिर्च डाल दें। कुछ सेकंड तक भूनने के बाद इसमें बाकी बचा प्याज डालकर भूनें। अब इस मिश्रण में लहसुन की कलियां कूटकर डाल दें फिर कश्मीरी लाल मिर्च डालकर मसाले को अच्छी तरह से भूनें। इस बीच कुकर ठंडा होने के बाद उसमें से दाल निकालें और कड़ाही में डालकर करछी की मदद से मसाले के साथ अच्छे से मिक्स करें। अब इसमें जरूरत के मुताबिक पानी मिला दें और दाल को 8-10 मिनट तक धीमी आंच पर पकने दें। इस दौरान कड़ाही को ढककर पकाएं। जब दाल के दाने एकदम नरम हो जाएं और दाल में उबाल आने लगे तो गैस बंद कर दें और उसमें बारीक कटा हरा धनिया डाल दें। स्वादिष्ट उड़द चना दाल बनकर तैयार हो चुकी है। इसे रोटी, पराठा या चावल के साथ सर्व करें।

# ब्रज के मंदिरों में बनाये जा रहे हैं फूल बंगला

**मथुरा। ठाकुर जी को भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए ब्रज के मंदिरों में इन दिनों फूल बंगला बनाने की होड़ सी लगी हुई है। फूल बंगले की शुरूआत लगभग 500 वर्ष पहले स्वामी हरिदास ने की थी। वे जंगल से तरह तरह के फूल चुनकर लाते थे और फिर उनसे ठाकुर का अनूठा श्रृंगार करते थे। धीरे धीरे यह परंपरा अन्य मंदिरों में विशेषकर सप्त देवालयों में भी शुरू हुई।**

राधारमण मंदिर के विग्रह को प्रकट करने वाले गोपाल भट्ट गोस्वामी ने इसमें कुछ परिवर्तन कर दिया और बंगले को और आकर्षक बनाया था। आचार्य प्रह्लाद बल्लभ गोस्वामी ने बताया कि हरिदासीय संप्रदाय के 15वें आचार्य गोस्वामी छबीले बल्लभ महाराज फूल बंगलों के अनूठे कलाकार थे, उन्होंने फूल बंगलों को नए कलेवर में प्रस्तुत करने का प्रयास किया। बाबा कृष्णानंद अवधूत, सेठ हर गुलाल बेरीवाला, अर्जुनदास, रामजीलाल, राधा कृष्ण गाडोदिया आदि ने फूल बंगला परंपरा को नया कलेवर दिया। पिछले दो दशक से इसमें और परिवर्तन हुआ और आज ब्रज के मंदिरों में इतने आकर्षक बंगले बनने लगे है कि भक्त बंगले में विराजमान ठाकुर को देखकर धन्य हो जाता है। उन्होंने बताया कि सामान्यतया फूल बंगला बनाने में रायबेल, मोतिया, मोगरा, मौलश्री, लिली, रजनीगंधा, गुलाब व गेंदे के फूलों का प्रयोग किया जाता है। कुछ बंगले अति भव्य बनाये जाने लगे हैं, इनके लिए बंगलुरु,कोलकाता व विदेशों से फूल मंगाए जाते हैं। इन बंगलों के बनने में आने वाला खर्च भक्तों द्वारा वहन किया जाता है। ठाकुर की विभिन्न प्रकार की सेवाओं के ठाकुर को शीतलता प्रदान करने के लिए बंगला सेवा बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

इन बंगलों को कारीगर बनाते हैं, ये दो या तीन मंजिल तक के बनते है। फूलों की लड़ी शीशम या सागवान की लकड़ी पर बने फ्रेम पर लपेटकर बनाई जाती है व तीन मंजिल के बंगलों में ऊपर जाने की सीढ़ियां तक बनी होती हैं। बंगला बनाने में केले के पेड़ के कोमल तने का भी प्रयोग किया जाता है। फूल बंगले के माध्यम से कान्हा की लीलाओं बैनी गूंथन, गौ चारण, महारास, कालिया मान मर्दन, चीर हरण, गजेन्द्र मोक्ष आदि का निरूपण किया जाता है। बांके बिहारी मंदिर में पहले तो बंगले केवल जगमोहन तक ही सीमित थे किंतु धीरे धीरे सजावट में चौक को भी शामिल कर लिया गया। वर्तमान में ये बंगले मंदिर के बाहर चबूतरे तक बनने लगे हैं। बिहारी जी मंदिर में पहले फूल बंगले केवल शयन भोग सेवा में ही बनते थे किंतु पिछले कुछ वर्षों से ये अब राजभोग सेवा में भी बनने लगे हैं। फूल बंगले में ठाकुर जी को जगमोहन में विराजमान किया जाता है व मंदिर के जगमोहन से चौक तक गुलाब जल की वर्षा रूक रूक कर होती रहती है।

# कनेडियन वुड ने इंडेक्स में सर्टिफाइड लकड़ी के बारे में बढ़ाई जागरूकता

**carpentersnews.com**
**मुंबई। ब्रिटिश कोलंबिया (बी.सी.) प्रांतीय सरकार की शीर्ष कंपनी कैनेडियन वुड ने प्रतिष्ठित प्रदर्शनी इंडेक्स प्लस 2024 में भाग लिया। यह एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला है, जो इंटीरियर, आर्किटेक्चर और डिजाइन के लिए भारत का सबसे बड़ा समर्पित मंच है। यह डिजाइन उन्मुख माहौल में आपूर्तिकर्ताओं और खरीदारों को मेल-जोल की सुविधा प्रदान करता है, जो व्यवसाय करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह प्रदर्शनी 31 मई से 2 जून 2024 तक जियो कन्वेंशन सेंटर, बीकेसी में आयोजित की गई। इस मेले में कनेडियन वुड के स्टॉल पर शानदार स्टॉल स्पेस में एक लग्जरी होम इंटीरियर रूम का सेटअप प्रदर्शित किया गया।**



कनेडियन वुड बूथ में लकड़ी के विभिन्न किस्म के एप्लीकेशन की विविध रेंज प्रदर्शित की गई, जो विभिन्न प्रकार के माहौल में जिम्मेदारी से सोर्स की गई लकड़ी के बहुमुखी इस्तेमाल और वहनीयता को प्रदर्शित किया। इसके तहत एक बाहरी बालकनी के साथ एक उच्च श्रेणी के लग्जरी होम के इंटीरियर रूम का खूबसूरती से डिजाइन किया गया मॉडल प्रस्तुत किया गया। यह लेआउट महाराष्ट्र क्षेत्र और उसके आसपास के प्रसिद्ध स्थानीय लकड़ी निमार्ताओं के सहयोग से तैयार किया गया था। हाई-एंड लग्जरी होम इंटीरियर रूम मॉडल ने बेडरूम और लिविंग रूम के फर्नीचर, दरवाजे और चौखट, खिड़कियां, पैनलिंग, लकड़ी की स्क्रीन, स्लाइडिंग विंडो, बार यूनिट, लकड़ी के झूले और आउटडोर गार्डन फर्नीचर सहित विभिन्न एप्लीकेशन में कनेडियन वुड के इस्तेमाल को प्रदर्शित किया।

कनेडियन वुड के कंट्री डायरेक्टर प्रणेश छिब्बर ने कहा कि हमारा इंडेक्स प्लस 2024 में भाग लेना, लकड़ी और फर्नीचर उद्योग में वहनीयता और नवोन्मेष के लिए कनेडियन वुड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी में हमारी उपस्थिति जिम्मेदारी से सोर्स की गई लकड़ी को बढ़ावा देने और हमारी प्रीमियम लकड़ी की प्रजातियों से डिजाइन तैयार करने की असीम संभावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए हमारे समर्पण को रेखांकित करती है। हम सकारात्मक बदलाव लाने और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के लिए नए मानक स्थापित करने में विश्वास करते हैं, और हमें वहनीय तरीकों के भविष्य में योगदान देने पर गर्व है।

कैनेडियन वुड ने तीन दिवसीय व्यापार मेले में एक समानांतर कार्यक्रम पैनलिस्ट के रूप में एक सम्मेलन में भी भाग लिया, जिसमें इकोक्राफ्टः सस्टेनेबल फर्नीचर बनाना विषय पर एक पैनल चर्चा शामिल थी। चर्चा में पैनल वक्ताओं में से एक कैनेडियन वुड के असिस्टेंट डायरेक्टर, टेक्निकल सर्विसेज, डॉ. जिमी थॉमस भी शामिल थे। उन्होंने मूल्यवान अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण के साथ योगदान दिया, लकड़ी उद्योग में संधारणीय प्रथाओं के लिए कनाडाई वुड्स की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले 40 वर्षों से कनाडा को शीर्ष वहनीयता प्रथाओं को लागू करने के संबंध में एक अग्रणी स्रोत देश के रूप में मान्यता दी गई है। कनाडा में नीतियों को न केवल अच्छी तरह से लागू किया जाता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि सभी संसाधन प्रमाणित हो और शुरू से अंत तक वहनीय प्रथाओं का पालन करें। देश में उपयोग की जाने वाली 55 प्रतिशत लकड़ी सॉफ्टवुड है, जो अपनी वहनीयता के लिए जानी जाती है और कनाडाई लकड़ी और वहनीयता की व्यापक अवधारणा को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाता है। प्राकृतिक जंगलों से लकड़ी का उपयोग कर मूल्य और समग्र वहनीयता को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया जाता है। यह लकड़ी अत्यधिक परिपक्व होती है, जिसकी न्यूनतम आयु 120 वर्ष होती है, जो इसकी वहनीयता सुनिश्चित करती है। इसके अतिरिक्त लकड़ी की कई प्रजातियां उपलब्ध हैं, जो इनडोर और आउटडोर दोनों एप्लीकेशन के लिए उपयुक्त हैं। कैनेडियन वुड भारत में मुख्य रूप से लकड़ी की पांच प्रजातियों को बढ़ावा देती है जो कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के वहनीय रूप से प्रबंधित जंगलों से प्राप्त की जाती हैं। इन पांच प्रजातियों में डगलस, वेस्टर्न हेमलॉक, वेस्टर्न रेड सेडार, येलो सेडार और स्प्रूस-पाइन-फर (एसपीएफ) का इस्तेमाल विभिन्न किस्म से किया जा सकता है।

# महुआ महोत्सव : जनजातीय संस्कृति व कला से परिचित कराने का प्रयास

**भोपाल। जनजातीय जीवन, देशज ज्ञान परंपरा और सौन्दर्य बोध एकाग्र मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के ग्यारहवें वर्षगांठ समारोह का महुआ महोत्सव के रूप में शुभारंभ हुआ। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि महुआ महोत्सव जनजातीय संस्कृति, कला और व्यंजनों से परिचित कराने का प्रयास है।**



जनजातियों के सामाजिक जीवन शैली और अनुभव को वास्तविक बनाने के लिए बड़े बड़े आर्किटेक्ट के बजाय जनजातीय कलाकारों ने संग्रहालय स्वयं अपने हाथों से बनाया गया। शाह ने संग्रहालय में नव-निर्मित जनजातीय आवास एवं लौह शिल्प का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर संचालक, संस्कृति संचालनालय एन पी नामदेव एवं निदेशक, जनजातीय लोक कला व बोली विकास अकादमी डॉ. धर्मेंद्र पारे, जनजातीय संग्रहालय संग्रहाध्यक्ष अशोक मिश्र व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके पहले महोत्सव में दोपहर 2 बजे से शिल्प व व्यंजन मेला, बच्चों के लिए कठपुतली प्रदर्शन व जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियां संयोजित की गई। जनजातीय समुदाय की जीवन शैली को समझने और उसे करीब से देखने के लिए प्रदेश की प्रमुख जनजातियों गोंड, भील, बैगा, कोरकू, भारिया, सहरिया और कोल के सात आवास बनाए गए। इन घरों में जनजातियों के परिवार रहेंगे। इन आवासों के माध्यम से दर्शक और पर्यटक को जनजातीय समुदायों के व्यंजन और उनकी कला को देखने का अवसर भी मिलेगा। इन आवास में अनाज रखने की कोठी, खाट, रोज उपयोग में आने वाली सामग्री और रसोई विशेष रूप से रखी गई है। मध्यप्रदेश की लगभग सभी जनजातियों में यह मान्यता है कि कभी इस सृष्टि में जल प्रलय हुआ था। जल से धरती को निकालने के लिए महादेव ने कौए से कहा कि मिट्टी खोज कर ले आओ। कौआ उड़ता हुआ धरती की खोज में भटकता रहा। उसे केंचुए की याद आई कि उसके पास तो मिट्टी अवश्य होगी। कौए ने केकड़े से मिट्टी लाने को कहा। केकड़े ने केंचुए से मिट्टी लेकर कौए को दी और फिर कौए ने वह मिट्टी महादेव को सौंपी। महादेव ने उस मिट्टी का गोला बनाकर जल के ऊपर रख दिया। वह मिट्टी ही यह धरती है। फिर धरती पर जीवन आया। सबसे पहले मछली के रूप में, फिर पेड़ और पौधे। इन्हीं पेड़ और पौधों से सारा संगीत और नृत्य उपजा। इसी प्रकृति की गाथा को केंद में रखकर लौह शिल्प का प्रदर्शन किया गया है।

महोत्सव के पहले दिन स्वाति उखले व साथी, उज्जैन और अजय गांगुली व साथी, उज्जैन द्वारा मालवा लोक संगीत की प्रस्तुति दी गई। दूसरी प्रस्तुति वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य नाटिका रामचंद्र सिंह, भोपाल के निर्देशन में संयोजित की गई। प्रस्तुति का आलेख योगेश त्रिपाठी, रीवा द्वारा किया गया। नृत्य-नाटिका में मातृभूमि की रक्षा करने के लिए महारानी दुर्गावती का बलिदान, साहस और पराक्रम की गाथा दर्शित की गई।

# श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी नई प्लाट जम्मू टीम का

## जागरूकता शिविर के लिए जिला उधमपुर और रामबन का दौरा



**जम्मू।** श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेंटर, न्यू प्लॉट जम्मू की एक टीम ने लोगों को अच्छी शिक्षा के बारे में जागरूक करने और उनकी दुर्दशा को सुनने के लिए जिला रामबन (गांव सना) और उधमपुर (मादा) में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिक्षाविद बलवंत कटारिया के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में दूर-दराज के लोगों के लगभग 60 परिवारों के छात्रों को कवर किया गया। गांव सना में जहां 30 विश्वकर्मा परिवार से शामिल थे और गांव मादा में 40 विश्वकर्मा परिवारों को कवर किया गया। लाइब्रेरी टीम ने हाशिए पर रहने वाले छात्रों को निःशुल्क नोटबुक व विश्वकर्मा पत्रिकाएं वितरित की। मादा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्राफियां भी प्रदान की गई। वंशिका वर्मा (12वीं), मंजीत सिंह (8वीं), आशा सलारिया (बी.एस.सी), शिवानी सलारिया, देवांश वर्मा (10वीं) और आयुषी चंद्रवंशी (8वीं) को सम्मानित किया गया। बलवंत कटारिया ने बताया कि लाइब्रेरी पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहती है। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी ग्रामीण जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया व गरीब विद्यार्थियों को हर संभव मदद की पेशकश की। लोगों की शिकायतें भी सुनी गई। ग्राम मादा में लोगों ने सरकारी प्राइमरी स्कूल मादा में शिक्षकों की कमी की शिकायत की, जहां छात्रों की संख्या 100 है और नौ अध्यापकों की स्वीकृत संख्या के मुकाबले केवल चार अध्यापक तैनात है। टीम के साथ आए ओम कटारिया ने बताया कि केंद्रीय ओ.बी.सी प्रमाण पत्र के लिए आय की क्रीमी लेयर सीमा में कर्मचारियों का वेतन शामिल नहीं होता किन्तु यह बात जम्मू कश्मीर में कुछ ही कर्मचारियों को पता है और वे केंद्रीय ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं ले रहे हैं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से इस तथ्य पर ध्यान देने और कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने ओबीसी शासनादेश पर वर्कशॉप की मांग भी दोहराई। सना गांव में मेहमान टीम के साथ बातचीत करने वालों में पंजाब सिंह लोहार, मदन लाल (पूर्व पंचायत अध्यक्ष), सोम राज लोहार, सुखदेव सिंह वर्मा, अंकुश कुमार शामिल थे। गांव मादा में, खेम राज (पूर्व पंच), गिरधारी लाल, ज्ञान चंद, किशोर सिंह, राधेलाल, गंधर्ब सिंह, प्यार चंद, बलबीर चंद वर्मा, बाल चंद, आदि शामिल थे। मेहमान टीम में जोगिन्दर अंगोत्रा, महेश पंगोत्रा,परवीन लता, कृतिका कटारिया, शकुंतला देवी कटारिया, सुमन लता आदि भी शामिल थे।


NIKHIL
ADHESIVES LTD.
Mahacol
SINCE 1971
JALVEER
WATERPROOF ADHESIVES
Mahacol
SINCE 1971
WATERPROOF ADHESIVES
German Technology
महाकोल जलवीर
वॉटरप्रूफ एडहेसिव
Coverage: 48 - 53 sq. ft / kg
GERMAN TECHNOLOGY

YEARS OF CREATING DREAMS INTO REALITY

# OMFURN INDIA LIMITED

OMFURN®
creation out of your dreams

## India's Leading Manufacturer of Doors and Modular Furnitures.

IGBC

OHSAS 18001:2007 IQS

ISO 45001 CERTIFIED

MAKE IN INDIA




New Launching
COMING SOON

## METAL FIRE RATED DOOR

Step into a new era of safety and assurance




## Benefits of Laminated door:


Experience zero compromise with quality

- Durability
- Enhanced Security
- Scratch & Dent Resistance
- Wide Range of Styles


## PRODUCT RAGES



MODULAR KITCHENS



MODULAR WARDROBES



OFFICE FURNITURES

Website: www.omfurnindia.com Email: omfurn@omfurnindia.com



HARRISON
हरीसन
EID AL-ADHA
MUBARAK
बनो हरीसन का
Mr. आनंद
रहो हमेशा आनंद में
9:02 PM
नॉटः- ऊपर दर्शायी गई फोटो सिर्फ उपहार को दर्शाने हेतु है मिलने वाला उपहार इनमे से भिन्न हो सकता है : रंग मॉडल इत्यादि।
टोल फ्री नम्बर : 1-800-572-5795
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
www.harrisonlocks.com | email : Info@harrisonlocks.com
9355015108

# हरीसन

www.harrisonlocks.com

## हरीसन का नया ब्रांड HAANCE इटालियन डिज़ाइन

हरीसन कर रहा है अपने नए ब्रांड **HAANCE** का आयोजन, जिसमें इटालियन डिज़ाइन और उत्कृष्टता का संगम देखने को मिलेगा। **HAANCE** के साथ हर प्रवेश द्वार बनेगा भव्य और अद्वितीय। यह आयोजन न सिर्फ नए उत्पादों का प्रदर्शन करेगा बल्कि गुणवत्ता और स्टाइल का प्रतीक भी बनेगा।






haance_harrison 1800-571-4343 www.harrisonlocks.com






बनो हरीसन का

# Mr. आनंद

और रहो हमेशा आनंदमय

जब फायदे से हो प्यार तो फिर क्यों इंतज़ार
आज ही जुड़ें हरीसन Suvidha (Locks & Hardware Solutions) के साथ और

## पाये अनेको उपहार

**उपहार जीतने की प्रक्रिया**

- स्टेप 1: मोबाइल मे हरीसन सुविधा एप्लीकेशन डाउनलोड करे, और अपनी ID बनाकर लॉगिन करे।
- स्टेप 2: प्रोडक्ट पैक के अंदर लगे QR CODE को सुविधा एप्लीकेशन मे स्कैन करे और MRP के बराबर पॉइंट इकट्ठा करे।
- स्टेप 3: दिये गये 7 उपहार के आधार पर अपने पॉइंट REDEEM करे, और उपहार जीते

## कारपेंटर समेल्लन



## हरीसन का Mr. आनंद मुख्य सेवा प्रदाता (Service Provider)

**Mr. आनंद बनते ही पाएं अपने क्षेत्र के सारे कारपेंटर सम्बंधित कार्य सबसे पहले**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

**+91 9355015108**

Suvidha
iSoftCare Technology

प्ले स्टोर पर (HARRISON SUVIDHA APP) सर्च कर के हरीसन लोगो एप्लीकेशन अपने फ़ोन मे इनस्टॉल करे।

www.harrisonlocks.com | Find Us On :

Toll Free No. :1-800-572-5795

ADVT

# हरीसन ग्रैंड मेगा नाईट इवेंट में हांस प्रीमियम ब्रांड लांच

**हांस प्रीमियम ब्रांड की लांचिंग से हरीसन की गुणवत्ता और नवाचार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया गया। हरीसन ग्रैंड मेगा नाईट इवेंट से ग्राहकों और भागीदारों के साथ कंपनी के मजबूत संबंधों को और भी मजबूत किया गया। हांस के साथ, हरीसन एक नए युग की शुरूआत कर रहा है, जहां हर प्रवेश द्वार लक्जरी और परिष्कार का प्रतीक होगा।**






carpentersnews.com

नई दिल्ली। हरीसन लॉक्स एंड हार्डवेयर कंपनी ने अपने नए प्रीमियम ब्रांड 'हांस' को लांच किया है। जनकपुरी स्थित हयात सेंट्रिक में आयोजित एक ग्रैंड मेगा नाइट इवेंट में 'हांस' के लॉन्चिंग समारोह में देशभर से करीब 500 वितरक और डीलर शामिल हुए। इस शानदार आयोजन में न केवल हांस की नवीनतम और सुरुचिपूर्ण डिजाइनों को प्रदर्शित किया गया, बल्कि इसे एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में भी चिन्हित किया गया, जो हरीसन की तीन पीढ़ियों और 75 वर्षों से अधिक की विरासत का प्रतीक है।

इस भव्य मेगा नाईट को और भी विशेष बनाने के लिए कई मशहूर हस्तियों ने शिरकत की। प्रसिद्ध टीवी अभिनेता आमिर अली, अदाकारा सोनम सी. छाबड़ा और सच्चिन खुराना ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके अलावा बिग एफएम और इश्क एफएम से लोकप्रिय आरजे भी इस खास मौके पर मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मनोरंजन किया।

लॉन्च इवेंट के दौरान हांस रेंज के नवीनतम मॉडलों का प्रदर्शन किया गया, जो इटालियन डिजाइन और उत्कृष्ट डिजाइन का एक आदर्श संगम प्रस्तुत करते हैं। यह नया प्रीमियम ब्रांड हर प्रवेश द्वार को एक भव्य प्रवेश बनाता है, जो लक्जरी और परिष्कार की नई परिभाषा स्थापित करता है। कंपनी के सी. इ. ओ. उमंग मोंगा ने इस अवसर पर पर कहा कि हांस सिर्फ एक उत्पाद नहीं है बल्कि हरीसन की गुणवत्ता और नवाचार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आइए साथ मिलकर, हम उस दुनिया का दरवाजा खोलें जहां हर प्रवेश द्वार लक्जरी और परिष्कार की अभिव्यक्ति हो। 1951 में स्थापित हरीसन को तीन पीढ़ियों से उच्च गुणवत्ता वाले लॉक और हार्डवेयर समाधानों के लिए जाना जाता है। हरीसन का नाम लॉक के पर्यायवाची बन चुका है, जो ग्राहकों की संतुष्टि और उत्पादों की गुणवत्ता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के कारण संभव हो सका है। व्यापक शोध के माध्यम से, कंपनी अपने उत्पादों में निरंतर सुधार और मूल्यवर्धन करती रहती है, जिससे वे ग्राहकों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

समारोह में देश भर से आए वितरकों और डीलरों को उनके कड़ी मेहनत और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह इस भव्य आयोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, जिसमें हर किसी ने कंपनी की सफलता में अपने योगदान पर गर्व महसूस किया। इसके साथ ही, हरीसन ने अपने मूल्यवान डीलरों, वितरकों और चैनल भागीदारों के लिए एक निष्ठा कार्यक्रम की भी घोषणा की, जो उनके प्रति कंपनी की कृतज्ञता और समर्थन को दर्शाता है। हरीसन ने अपने ग्राहकों के लिए एक नई सेवा प्रदाता नेटवर्क की भी शुरूआत की है, जो आपके दरवाजे पर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करेगा। यह पहल कंपनी के उस दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती है, जिसमें ग्राहक संतुष्टि सर्वोपरि है। नई सेवा नेटवर्क के माध्यम से हरीसन अपने ग्राहकों को अत्यधिक सुविधा और संतोषजनक अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर है। हरीसन मेगा नाइट की विशेष झलकियों में मशहूर हस्तियों की उपस्थिति, आकर्षक प्रस्तुति और शानदार आतिशबाजी शामिल थी। आमिर अली, सोनम सी. छाबड़ा और सच्चिन खुराना ने अपने आकर्षक अंदाज से सभी का दिल जीत लिया। बिग एफएम और इश्क एफएम के आरजे ने अपने मनोरंजन शो से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।




पक्का जोड़ HAMESHA
EURO 7000
70 POINTS IN 1 DRUM
EURO 7000 WP 2in1 WATERPROOF ADHESIVE
800 Gm X 70 Pouches
ONLY 70 POINTS
AMERICAN TOURISTER Since 1933
₹15/- TOKEN/POUCH
+
1 American Tourister Two Wheel Duffle Bag
Worth ₹ 3800
140 POINTS IN 1 DRUM
EURO 7000 Extreme 3 HI-STRONG HIGH PERFORMANCE ADHESIVE
800 Gm X 70 Pouches
ONLY 140 POINTS
AMERICAN TOURISTER Since 1933
₹25/- TOKEN/POUCH
+
2 American Tourister Two Wheel Duffle Bag
Worth ₹ 3800
Zubaan Ke पक्के ReWards
Scan करे और जीतिए
Google Play
App Store
EURO 7000 Mobile App Download करे और पाएं
हर खरीदी पे Tokens + Rewards की Guarantee

# तापड़िया टूल्स ने अपने नवीनतम रेंज का इंटेक 2024 एक्सपो में किया प्रदर्शन



**कोयम्बटूर।** तापड़िया टूल्स लिमिटेड एक ISO 9001:2008 मान्यता प्राप्त हाथ उपकरण निमार्ता और निर्यातक, उच्च गुणवत्ता वाले हाथ उपकरण बनाती है। विमानन, निर्माण, फर्नीचर, ऑटोमोबाइल/ऑटो सर्विसिंग आदि तापड़िया के उच्च गुणवत्ता वाले विशेष हैंड टूल, फास्टनर, विशेष उपकरण आदि पर निर्भर करते हैं। उपकरण उच्च श्रेणी के घटकों के साथ निर्मित होते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े गुणवत्ता निरीक्षण से गुजरते हैं कि वे दोषरहित और जीवन भर चलते है। तापड़िया टूल्स के उत्पादों का विपणन और वितरण भारत में ओरिएंट एजेंसी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाता है।

तापड़िया टूल्स ने कोयम्बटूर में अविनाशी रोड स्थित जी. वी. फेयर ग्राउंड में कोडिसिया ट्रेड फेयर इंटेक 2024, टूलएक्स और इंड ऑटो एक्सपो में भाग लिया। जिसमें उद्योग जगत के अधिकारियों, नवप्रवर्तकों और उत्साही लोगों के लिए हैंड टूल्स में नवीनतम टूल्स और तकनीकों को देखने का अवसर मिला। तापड़िया टूल्स के प्रबंध निदेशक डी. पी. तापड़िया प्रर्दशनी में तकनीकी पहलुओं के बारे में सवालों के जवाब देने के लिए उपस्थित थे। तापड़िया टूल्स ने अपने कुछ नवीनतम टूल्स जैसे वायर रोप कटर, प्लंबर टूल किट, एब्रेसिव लेटेक्स पेपर, वेल्क्रो डिस्क-गोल्ड सीरीज, प्रूनिंग शियर, टूल बैग, सेल्फ-एडहेसिव पीवीसी इलेक्ट्रिकल इंसुलेशन टेप, ऑटो वायर स्ट्रिपर, डबल साइडेड सॉकेट रिंच, बेंच वाइज, माइक्रो ज्वेलरी प्लायर्स, हैक्सॉ फ्रेम्स, डेप हैंगर सेट, कप व्हील, ट्रॉली के साथ और बिना ट्रॉली के बकेट ग्रीस पंप, चाक लाइन रील सेट, टी-सॉकेट, रिंच, हाइड्रोलिक ट्रॉली जैक और जैक स्टैंड, ग्रीस गन बैरल, वीडीई प्लायर्स, बाई-मेटल होल सॉ, टॉर्क रिंच और कई तरह के नॉन-स्पार्किंग बेरिलियम कॉपर और एल्युमीनियम आदि उत्पाद को एक्सपो में प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में आने वाले आगंतुक ने तापड़िया टूल्स के हैंड टूल्स, अनुप्रयोगों और इंटरैक्टिव प्रदर्शनों से मंत्रमुग्ध हो गए। तापड़िया टूल्स व्यावहारिक, गहन शिक्षा के माध्यम से अनुभवात्मक शिक्षा पर जोर देते हैं और इसी कारण से वे अपने तकनीकी रूप से उन्नत हाथ औजारों के बारे में ग्राहकों को शिक्षित करने के लिए कई प्रदर्शनियों में भाग लेते हैं। तापड़िया टूल्स 19 जून से 21 जून तक रुद्रपुर के एआरके होटल व कन्वेंशनल सेंटर में इंडस टेक, मशीन व ऑटोमेशन एक्सपो और 21 जून से 23 जून तक हैदराबाद के हाइटेक्स प्रदर्शनी केंद्र में इंडोमैक बी2बी औद्योगिक मशीनरी एवं इंजीनियरिंग एक्सपो में भाग ले रहे है।

तापड़िया टूल्स के प्रबंध निदेशक डी. पी. तापड़िया ने कहा कि हम इंटेक 2024 टूलेक्स और इंड ऑटो एक्सपो में अपने अपडेटेड हैंड टूल्स को प्रदर्शित करके खुशी हो रही है। अनुसंधान, विकास और ग्राहक केंद्रित समाधानों ने हमें इस बाजार में सबसे आगे खड़ा कर दिया है। तापड़िया टूल्स लिमिटेड के महाप्रबंधक बी. पिल्लई ने कहा कि हमारे ग्राहक ही हमारे कारोबार को आगे बढ़ाते हैं। हमारे ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण से ग्राहकों को बेहतरीन मूल्य और सेवा मिलती है। बाजार अनुसंधान और उपयोगकर्ता प्रतिक्रिया से हमें ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने वाले नए बेहतर हैंड टूल्स लॉन्च करने में मदद मिलती है।

## फर्नीचर गोदाम में आग भड़की

**झांसी।** सीपरी बाजार इलाके में एक लकड़ी के गोदाम में भीषण आग लग जाने से काफी नुकसान हुआ। गोदाम से धुंआ उठता देख गोदाम में मौजूद मजदूरों और आसपास लोगों में हडकंप मच गया। गोदाम में मौजूद मजदूरों और लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन सूखी लकड़ियों ने तेजी से आग पकड़ ली। आग की जानकारी मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां आनन फानन में मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## बस्तर प्लाईवुड कारखाना प्रभावितों को न्याय की उम्मीद

**जगदलपुर। बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर से लगे आड़ावाल में 1978 में बस्तरवुड प्रोडक्ट्स कारखाना खुला था। लेकिन अचानक ही 16 साल बाद 1994 में इस कारखाने में ताला लगा दिया गया। इस कारखाना के अचानक बंद हो जाने पर सैंकड़ों लोगों की रोजी रोटी छिन गई। अब तीस साल के बाद भी इस कारखाने से निकाले गए प्रभावितों को न्याय नहीं मिल सका है।**

बस्तर के स्थानीय लोगों को रोजगार देने की सोच से इस प्लाईवुड कारखाने की शुरूआत हुई थी। जिसमें वन विकास निगम की 26 प्रतिशत, वेस्टर्न इंडिया प्लाईवुड कंपनी बलियापटनम की 25 प्रतिशत भागीदारी थी। वहीं 49 प्रतिशत पब्लिक शेयर थे। 110 एकड़ की भूमि का आबंटन आड़ावाल में हुआ था। प्रथम चरण में प्लाईवुड निर्माण सहित 12 सहायक उद्योग की शुरूआत होनी थी। 15 साल कारखाना चलने के बाद कंपनी ने बिना बताए काम बंद कर दिया। बड़ी संख्या में कर्मचारियों को वेतन भी नहीं दिया गया। जब कर्मचारियों ने विरोध करना शुरू किया तो तत्कालीन कलेक्टर ने कारखाने के सामानों की नीलामी करवाई, इसके बाद 3 महीनों का वेतन बेरोजगार हुए लोगों को दिया। साल 1995 में कारखाने के श्रमिकों ने लेबर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। लंबी सुनवाई के बाद न्यायालय ने प्रभावितों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए 10 साल की सैलरी एकमुश्त देने का आदेश दिया, लेकिन वो भी आज तक नहीं मिली। अब प्रभावितों ने सरकार से न्याय की गुहार लगाई है। इन प्रभावितों में 64 परिवार शामिल हैं। इनकी मांग है कि कंपनी इनके साथ फाइनल सेटलमेंट करें। कारखाना प्रभावित लोगों की माने तो यदि वे किसी सरकारी नौकरी में होते तो उन्हें रिटायर्ड होने पर पेंशन सहित अन्य लाभ भी मिलते। फिलहाल यह मामला ट्रिब्यूनल में लंबित है और फाइल हाईकोर्ट में है।

## जंगल में आग लगने से महिला जिंदा जली

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में जंगल में आग लगने से 75 वर्षीय एक महिला जिंदा जल गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान हमीरपुर के बगैतू गांव की निवासी निक्की देवी के रूप में हुई है। जंगल की आग निक्की देवी के खेतों तक पहुंच चुकी थी, जिसे वह बुझाने की कोशिश कर रही थी लेकिन वह खुद उसकी चपेट में आ गयी और जिंदा जल गई। हमीरपुर जिले में 15 दिन में जंगल की आग से मौत की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 29 मई को चकमोह क्षेत्र में जंगल में आग के दौरान एक महिला की दम घुटने से मौत हो गई थी।

## हिंदू लोहार समाज महासंघ की नई कार्यकारिणी गठित

**भिवंडी।** हिंदू लोहार समाज महासंघ, महाराष्ट्र की बैठक दुगरफाटा स्थित कृषि उत्पन्न बाजार समिति सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में संस्था की नई कार्यकारिणी गठित की गई। पांच वर्ष की अवधि के लिए चयनित नई कार्यकारिणी के पदधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नई कमेटी में अध्यक्ष अन्नासाहेब जोशी, उपाध्यक्ष रामनाथ मोरे, महासचिव बलिराम खरे, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष जोशी, कोषाध्यक्ष दिलीप जोशी, संयुक्त सचिव नरेश सोमवंशी, संयुक्त कोषाध्यक्ष सुनील खंडागले, महिला आघाड़ी महाराष्ट्र राज्य प्रमुख मीना कदम, सदस्य रजनी चौरे, वंदना चोरे, काशीनाथ लाड, कृष्णा मर्चेंट, कैलास जगताप, रवीन्द्र लाड, प्रह्लाद सोमवंशी, विजय खंडागले, पालघर जिला अध्यक्ष आत्माराम ट्रेडर्स, पालघर जिला उपाध्यक्ष



भालचंद्र चव्हाण, रायगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण जोशी, ठाणे जिला अध्यक्ष अशोक जाधव, भिवंडी तालुका अध्यक्ष गोपीनाथ चौरे, कल्याण तालुका अध्यक्ष निशिकांत मोरे, वाडा तालुका अध्यक्ष तुषार पवार को नियुक्त किया गया है। बैठक का संचालन किसान भागवत गुरुजी ने किया।


## विश्वकर्मा मंदिर डडवाडा का स्थापना दिवस मनाया गया

**जम्मू।** विश्वकर्मा मंदिर डडवाडा (बिलावर) जिला कठुआ में मूर्ति स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह में हवन व कीर्तन के बाद लंगर में बच्चों और महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के स्थानीय लोगों ने भाग लिया। श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी न्यू प्लाट जम्मू की ओर से बलवंत कटारिया, जोगिंदर अंगोत्रा व ओम कटारिया शामिल हुए जिन्होंने आए हुए श्रद्धालुओं में विश्वकर्मा रिपोर्टर पत्रिका का वितरण किया। मंदिर कमेटी, डडवाडा के अध्यक्ष रमेश कुमार नाद को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित भी किया। जम्मू से प्रदेश विश्वकर्मा सभा की ओर से शशि वर्मा (अध्यक्ष पीवीएस), राकेश चलोत्रा (शक्ति नगर अध्यक्ष), पवन कुमार, कुलजीत राय ने



भाग लिया। जिला कठुआ से करतार चंद (अध्यक्ष), मास्टर जसवंत राज, रविकांत वर्मा और अन्य लोगों ने भी भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक-गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा 306, दिघे नगर को आप हाउसिंग सोसायटी, फितवाला रोड, एलफिन्स्टन (वेस्ट), मुंबई-40013 से प्रकाशित एवं एस आर पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड, गाला नम्बर-8, 9, 10, घर्टनपाढा, वैशाली नगर लास्ट बस स्टॉप, नियर भारत गैस गोडाउन, दहिसर (ईस्ट), मुंबई- 400068 से मुद्रित। संपादक - गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा* RNI NO. MAHHIN/2005/16460 मो. 09320566633. (सभी विवादों का निपटारा न्यायक्षेत्र केवल मुंबई न्यायालय के अधीन होगा. *पी. आर. बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)



# अनंत की बाहों में खोई राधिका मर्चेंट

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन खत्म होने के बाद भी चर्चा में बना हुआ है। इस पार्टी से कपल के कई लुक्स सामने आए हैं। मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी जुलाई में राधिका मर्चेंट संग शादी करने वाले हैं। दोनों की शादी बहुत ही धूमधाम के साथ मुंबई में होगी। वहीं इससे पहले कपल का दूसरा प्री वेडिंग फंक्शन रखा गया, जिसमें चार दिन तक क्रूज पार्टी चली। अब इस पार्टी से अनंत और राधिका के खूबसूरत लुक्स सोशल मीडिया सामने आया है। अनंत और राधिका का दूसरा प्री-वेडिंग फंक्शन फ्रांस से इटली जाने वाले क्रूज पर रखा था। इसका जश्न चार दिनों तक चला, जिसमें अंबानी परिवार होने वाली छोटी बहू ने एक से बढ़कर एक लुक कैरी किए। दूसरे प्री वेडिंग फंक्शन में राधिका का बेहद ग्लैमरस लुक देखने को मिला। उन्होंने एक दिन गोल्डन ऑफ शोल्डर टॉप के साथ व्हाइट और गोल्डन स्कर्ट कैरी की थी। राधिका ने इस लुक को लाइट मेकअप, खुले कर्ली बालों और मैचिंग ज्वेलरी के साथ पूरा किया है। जिसकी फोटोज रिया कपूर ने भी इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। कुछ फोटो में राधिका रेड कलर की डीप नेक ड्रेस में समुद्र किनारे पोज देती हुई नजर आ रही हैं, जिसमें वो बहुत ही खूबसूरत लग रही है। एक फोटो में राधिका अपने सपनों के राजकुमार अनंत अंबानी की हग करती हुई दिखी। शादी की खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही है, लाइनिंग की शर्ट में अनंत भी हैंडसम लग रहे हैं। इससे पहले राधिका इस ब्लैक और व्हाइट कलर के गाउन में नजर आई थी।

# बुक लॉन्च इवेंट में पहुंची आलिया भट्ट

आलिया भट्ट बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में से एक है। अब आलिया ने अपना एक नया टैलेंट पेश किया है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी पहली किताब लॉन्च की है। मुंबई में बुक लॉन्च का एक इवेंट रखा गया, जिसमें कई सारे बच्चे भी नजर आए। एड फाइंड ए होम नाम की यह किताब बच्चों के कपड़ों के ब्रांड एड-ए-मम्मा के प्रकाशन क्षेत्र में विस्तार का प्रतीक है। लॉन्च में आलिया फ्लोरल ड्रेस में नजर आई। लाइट मेकअप और ओपन हेयर्स से एक्ट्रेस ने अपने लुक को कंप्लीट किया हुआ था। इस लुक में आलिया ने लोगों का दिल जीत लिया। इवेंट में एक्ट्रेस के साथ उनकी मां सोनी राजदान और बहन शाहीन भट्ट भी नजर आईं। फैंस इवेंट की तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं और आलिया को बधाई दे रहे हैं। काम की बात करें तो आलिया भट्ट को आखिरी बार फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आई थी, जिसमें उनके साथ रणवीर सिंह दिखाई दिए थे। अब एक्ट्रेस बहुत जल्द फिल्म जिगरा और ब्रह्मास्त्र-2 में दिखाई देंगी।



# दबंग गर्ल की शादी में होगा सितारों का मेला

शत्रुघ्न सिन्हा की लाडली बिटिया और बॉलीवुड की दबंग एक्ट्रेस बहुत जल्द शादी के बंधन में बंधने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 23 जून को वह अपने लॉन्ग टर्म बॉय फ्रेंड जहीर इकबाल से शादी करेंगी। हालांकि शादी से जुड़ी खास डिटेल्स बाहर नहीं आई हैं। लेकिन पिता शत्रुघ्न सिन्हा ने इन खबरों से इंकार भी नहीं किया है। हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि आजकल के बच्चे कुछ पूछते नहीं सिर्फ इंफॉर्म करते हैं। इसे हां नहीं कह सकते तो ना कहना भी मुश्किल है। शादी की डेट भी तकरीबन सामने आ ही गई है। सोनाक्षी सिन्हा लंबे अरसे से बॉलीवुड में एक्टिव हैं



और उन्होंने फिल्मी पर्दे पर कुछ हिट फिल्में भी दी है। उन्होंने सलमान खान के अलावा अक्षय कुमार, अजय देवगन के साथ भी बतौर हीरोइन आ चुकी हैं। अपने फिल्मी करियर के दौरान फिल्म्स और एंडोर्समेंट्स के जरिए सोनाक्षी सिन्हा एक मजबूत नेटवर्थ खड़ी कर चुकी हैं। सोनाक्षी सिन्हा 85 करोड़ रुपये की नेटवर्थ रखती हैं। जहीर इकबाल ने भी फिल्मों में किस्मत आजमाई थी हालांकि फिल्म कुछ कमाल नहीं कर सकी, लेकिन जहीर इकबाल को खूब तारीफें मिली थी। जहीर इकबाल की नेटवर्थ 2 करोड़ रुपये बताई जाती है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल के उम्र के बीच दो साल का फासला है।

# अक्षरा का गाना उड़ा रहा गर्दा

भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे हसीन एक्ट्रेसेस में से एक अक्षरा सिंह आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने भोजपुरी से लेकर टीवी इंडस्ट्री तक में अपनी पहचान बनाई है। भोजपुरी एक्ट्रेस और सिंगर अक्षरा सिंह का नया गाना लइकिन के तेवर रिलीज हुआ, जिसमें अक्षरा सिंह का स्वैग कमाल का दिख रहा है। एक हाथ में बंदूक लिए गाने में अक्षरा सिंह एकदम बिंदास अंदाज में नजर आ रही हैं और यहां वह गर्ल पॉवर की बात कर रही हैं। इस गाने में उनका एकदम अनदेखा और ग्लैरस अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अक्षरा सिंह ने अपने सुरीले स्वर और दमदार अंदाज में प्रस्तुत किया है। गाने के लिरिक्स यादव राज ने लिखे हैं। अक्षरा का यह गाना सोशल मीडिया पर गर्दा उड़ा रहा है। भोजपुरी इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने तमाम बड़े एक्टर्स के साथ काम किया हैं। अक्षरा सिंह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर शुरू से ही चर्चा में रही हैं। अक्षरा का नाम सुपरस्टार पवन सिंह से जुड़ा था। फिलहाल इन दिनों एक्ट्रेस सोशल मीडिया के जरिए फैंस से जुड़ी रहती हैं और आए दिन अपनी ऐसी ही तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर तहलका मचाती रहती हैं।



# ईशा ने ढाया कहर

ईशा गुप्ता अक्सर अपने बोल्ड और हॉट लुक को लेकर चर्चा में रहती हैं। ईशा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली ईशा अपनी तस्वीरें और वीडियो भी फैंस के साथ शेयर करती रहती है। अब एक बार फिर ईशा ने अपने हॉट अंदाज से फैंस के दिलों को घायल कर दिया है। आश्रम 3 स्टार ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह समुद्र के किनारे एक काले रंग की बिकिनी पहने बैठी हैं। ईशा गुप्ता का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ईशा ने समंदर किनारे काले रंग का बिकिनी पहनी है। साथ ही उन्होंने अपने बीच के लुक को कंप्लीट करने के लिए हैट भी लगाया हुआ है। ईशा का ये लुक किसी को भी उनका दीवाना बना सकता है। एक्ट्रेस का यह वीडियो सोशल मीडिया पर कहर बरपा रहा है। ईशा गुप्ता के करियर की बात करें तो उन्होंने फिल्म जन्नत 2 से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में वह बॉबी देओल के साथ वेब सीरीज आश्रम 3 में सोनिया की भूमिका निभाती नजर आई थी।



# नूरजहां आम की प्रजाति बचाने में जुटी सरकार



**इंदौर।** मध्य प्रदेश सरकार अपने बड़े साइज के लिए मशहूर नूरजहां आम को बचाने और बढ़ाने में जुट गई है। इस आम के पेड़ मध्य प्रदेश के अलीराजपुर के कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में मिलते हैं। इस एक आम का वजन साढ़े तीन से साढ़े चार किलो के बीच होता है। इसे अफगान मूल का माना जाता है। मप्र में अधिकारी दुर्लभ नूरजहां आम के पेड़ों की संख्या को बढ़ाने की कोशिशों को नवीनीकृत करने की योजना बना रहे हैं। अलीराजपुर में इसके पेड़ों की संख्या घटकर 10 हो गई है। इंदौर डिविजन कमिश्नर (राजस्व) दीपक सिंह ने बागवानी विभाग की एक बैठक के दौरान कहा कि अलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में नूरजहां के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक प्रयास तेज किए जाने चाहिए। उन्होंने अलीराजपुर जिले में आम के पेड़ों की घटती संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए हुए वन विभाग को टिश्यू कल्चर की मदद से नूरजहां के नए पौधे तैयार करने के निर्देश दिए। अलीराजपुर के कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. आर के यादव ने कहा कि नूरजहां आम के फल देने वाले केवल 10 पेड़ बचे हैं। हमने हार नहीं मानी है। हम अगले 5 वर्षों में पौधारोपण कर इनकी संख्या 200 तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। हम इस प्रजाति को विलुप्त नहीं होने देंगे। यादव ने कहा कि कुछ दशक पहले नूरजहां आम का अधिकतम वजन 4.5 किलोग्राम तक होता था, जो अब घटकर 3.5 से 3.8 किलोग्राम के बीच रह गया है। वहीं आम उत्पादक शिवराज सिंह जाधव जो नूरजहां के 3 पेड़ों के मालिक हैं ने कहा कि इस बार पैदावार कम है।

# पाकिस्तान में गधों की संख्या बढ़ी

**मुंबई।** कृषि प्रधान देश पाकिस्तान में पशुधन पर जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश में गधों की संख्या 1.72 प्रतिशत बढ़कर 59 लाख हो गयी है। पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 जारी किया गया, जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में प्रमुख आर्थिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है। इसमें कहा गया है कि घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया है, यह क्रमशः चार लाख और दो लाख है। गधे कई पाकिस्तानियों की आखिरी उम्मीद हैं, खास करके उन लोगों के लिए जो ग्रामीण इलाकों में रहते हैं।






# कोरैया लकड़ी नहीं मिलने से हस्तशिल्पी नहीं बना पा रहे खिलौने

**वाराणसी।** जीआई उत्पाद में शामिल लकड़ी के खिलौनों के लिए कच्ची लकड़ी नहीं मिल पा रही है जिससे लकड़ी के खिलौनों के उत्पादन में कमी



आई है। लकड़ी न मिलने से खोजवां कश्मीरीगंज के लगभग 600 हस्तशिल्पियों को काफी ऑर्डर छोड़ने पड़ रहे हैं। सिंधोरा, लट्टू समेत अन्य खिलौने बनाने के लिए प्रयागराज, लखनऊ और बरेली से लकड़ी नहीं आ पा रही है। लकड़ी के अभाव और बढ़ते दाम से खिलौनों के उत्पादन पर भी असर पड़ा है। जून में लगन नहीं होने के कारण भी सिंधोरा, बॉक्स सामानों का कारोबार मंदा है। भेलूपुर के खोजवां कश्मीरी गंज के हस्तशिल्पियों ने बताया कि खिलौनों के लिए कोरैया लकड़ी पहले बिहार व चित्रकूट से आती थी, अब सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया है। इस दशा में मजबूरन सभी कारीगरों ने यूकेलिप्टस लकड़ी से सामान बनाना शुरू किया। पहले यह गीली लकड़ी 1500 से 2000 रुपये प्रति क्विंटल मिलती थी, लेकिन अब नहीं मिल पा रही है। वहीं सूखी लकड़ी 3000 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। हर महीने आठ से 10 ट्रक लकड़ी की खपत है। कश्मीरीगंज के हस्तशिल्पियों ने बताया कि मोटी लकड़ी से सिंधोरा और अन्य सामान अच्छे बनते हैं। हालांकि अब इन्हें प्लाईवुड वाले मुंह मांगे दाम पर ले जा रहे हैं। इस वजह से भी लकड़ी का अभाव बना हुआ है। गोंडा, बहराइच में यूकेलिप्टस की लकड़ी मिल रही है, लेकिन वहां से माल मंगाने में ट्रांसपोर्ट खर्च अधिक आता है।

# फर्नीचर की दुकान में आग, लाखों का नुकसान

**वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा बाजार में फर्नीचर की दुकान में भीषण आग लग गई। दुकान में रखें फ्रिज, बेड, सोफा, आलमारी जलकर खाक हो गए। अनुमान है कि आग लगने से 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ। गाजीपुर जनपद के मौधा का रहने वाले राजेश पाल की दुकान अजगरा में है। राजेश ने बताया कि दुकान के पीछे कूड़े का ढेर है, जिसमें सुबह 6 बजे किसी ने आग लगा दी। उसी की चिंगारी से दुकान के पर्दे में आग लगने से पूरी सब जलकर खाक हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया।




TJM/TTL/24/HIN




OZONE®
KITCHEN & FURNITURE FITTINGS
ओज़ोन बेड लिफ्ट-अप सिस्टम
क्वालिटी ऐसी जो चले सालों-साल
प्रो सिरिज
स्टैंडर्ड सिरिज
UP TO 200KG
लोड कपेसिटी
वाइड ओपनिंग ऐंगल
इजी टु लिफ्ट
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
इंस्टॉलेशन वीडियो देखने के लिए स्कैन करें
+91 9310012300 । हमें फोलो करें